
# आयोजन प्रतिवेदन

# मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी

## Modi@20: Dreams Meet Delivery

**माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन पर केन्द्रित पुस्तक**





## डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्यप्रदेश)

**(केंद्रीय विश्वविद्यालय)**



# आयोजित कार्यक्रम

| Date /Time | Programme | Venue |
|---|---|---|
| 29/07/2022<br>6:00-7:00 PM | **Essay Competition**<br>**Topic:**<br>Vishwa Guru : Emerging India on Global Platform<br>**Coordinator:** Prof. Vandana Soni | **Nivedita Girls' Hostel**<br><br>Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar |
| 31/07/2022<br>10:00-11:00AM | **Essay Competition**<br>**Topic:**<br>Vishwa Guru : Emerging India on Global Platform<br>**Coordinator:** Prof. Rajesh Gautam | **Boys' Hostel**<br><br>Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar |
| 01/08/2022<br>3:00-5:00 PM | **Poster Making Competition**<br>**Topic:**<br>Modi: An Inspiration Icon of Youth<br>New Grammar of Women Empowerment<br>Covid-19: Victory Over the Pandemic<br>Aatmnirbhar Bharat<br>**Coordinator:** Dr. Rakesh Soni | **Department of Fine Arts & Performing Arts**<br><br>Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar |
| 02/08/2022<br>3:00-4:00 PM | **Student Group Discussion**<br>**Topic:**<br>Modi@20:Dreams Meet Delivery<br><br>**Coordinator**: Prof. A.D. Sharma | **Committee Room**<br>(Registrar Office)<br>New Administrative Block<br>Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar |
| 03/08/2022<br>11:00-1:00 PM | **Panel Discussion**<br>and<br>**Invited Lecture**<br><br>**Coordinator:** Prof. Janak Dulari Ahi | **Swarna Jayanti Sabhagar**<br>Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar |




निबंध लेखन प्रतियोगिता

## ‘विश्व गुरु: वैश्विक पटल पर उभरता भारत’
## बालिका छात्रावास की छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सक्रिय राजनीति में दो दशक के ऐतिहासिक कार्यकाल के अवसर पर उनके समग्र व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित पुस्तक "मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलिवरी" के संदर्भ में डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में विभिन्न आयोजन हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व को जन- जन तक पहुंचाने और उनकी राष्ट्रीय विकास के प्रतिमान को व्यवहार में लाने के लिए "विश्व गुरु: वैश्विक पटल पर उभरता भारत" विषय पर निवेदिता कन्या छात्रावास में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में बालिकाओं ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम की समन्वयक प्रो जनक दुलारी आही एवम् निबंध प्रतियोगिता का आयोजन प्रो वंदना सोनी के निर्देशन में किया गया।






## युवक छात्रावास के छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक "मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलिवरी" पर केंद्रित आयोजन के निमित्त डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के युवक छात्रावासों के विद्यार्थियों के लिए "विश्व गुरु : वैश्विक पटल पर उभरता भारत" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. विषय को लेकर प्रतिभागियों में एक सकरात्मक उत्साह देखने को मिला. प्रतिभागियों में छात्रावास में रहने वाले विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी थे. जिसमें एक दृष्टि बाधित और एक शरीरिक रूप से दिव्यांग छात्रों ने भी प्रतिभाग किया.



इस पूरे कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक प्रो जनक दुलारी आही एवम् युवक छात्रावास निबंध प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. राजेश गौतम रहे. निबंध प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ राकेश सोनी, डॉ आशुतोष, डॉ शिब शंकर जेना, डॉ. अवधेश कुमार, प्रदीप कुमार, सत्यनारायण सारथी, शरद कुमार की भूमिका सराहनीय रही.




पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता


## मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलिवरी" पर केंद्रित चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक "मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलिवरी" पर केंद्रित आयोजन के निमित्त चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह प्रतियोगिता विवि के आचार्य शंकर भवन में आयोजित की गई. प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. राकेश सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केंद्रित था जिसमें ‘मोदी: युवाओं के प्रेरणास्रोत’, महिला सशक्तिकरण का नया व्याकरण, आत्मनिर्भर भारत, कोविड-महामारी पर विजय, नया भारत: यथार्थ में बदलता स्वरुप एवं विश्वगुरु-वैश्विक पटल पर उभरता भारत आदि कई थीम थे जिन पर पर विद्यार्थियों ने चित्रकारी कर अपनी सृजनशीलता दिखाई. इसमें काफी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के नेतृत्व में पिछले कई दिनों से पुस्तक पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसकी मुख्य समन्वयक विवि की वरिष्ठ प्रो जनक दुलारी आही हैं. कार्यक्रम में फाइन आर्ट्स एवं परफार्मिंग आर्ट्स विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ सुप्रभा दास ने निर्णायक की भूमिका निभाई एवं विभाग के शोधार्थियों सुश्री शालू एवं सुश्री यशा की भूमिका सराहनीय रही.








छात्र समूह परिचर्चा

## विद्यार्थियों का संकल्प: प्रधानमंत्री मोदी के सपनों की करेंगे साझेदारी

### 'मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलिवरी' पर सामूहिक चर्चा में विद्यार्थियों ने रखे अपने विचार


डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक 'मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलिवरी' पर केंद्रित समूह परिचर्चा में विश्वविद्यालय के छात्र-प्रतिनिधियों ने भागीदारी की और अपने विचार रखे. आधार वक्तव्य देते हुए छात्र-कल्याण अधिष्ठाता प्रो अम्बिकादत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्प और वृहत्तर दायित्व के साथ आज पूरी दुनिया में भारत को महत्त्वपूर्ण स्थान मिल रहा है. गुड गवर्नेंस के साथ-साथ कार्य संस्कृति में बदलाव, सरकार एवं जनता के बीच संवाद, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, आपदा में प्रबंधन सहित ऐसे कई आयाम हैं जहाँ मोदी जी के नेतृत्व ने संकल्पबद्धता, प्रतिबद्धता, कर्मठता का अद्भुत मिशाल प्रस्तुत किया है. इसलिए उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों को जानना और समझना जरूरी है.





छात्र-प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एक कुशल नेतृत्व बदलाव की प्रेरणा देता है. महिला सशक्तिकरण के फ्रेमवर्क में बदलाव, पारदर्शी सुशासन, जनाकांक्षा की पहचान कर उन्हें उचित साधन एवं सुविधाएं देना जैसे कार्यों में प्रधानमंत्री मोदी की सक्रियता और कार्यशैली से सीखना चाहिए. छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कई सपनों का जिक्र किया और उन सपनों को पूरा करने की दिशा में किये गये प्रयासों और उपलब्धियों को भी बतलाया. क्लीन इण्डिया, डिजिटल इण्डिया, पारदर्शी गवर्नेंस, भ्रष्टाचार मुक्त भारत, जनता को सरकार से सीधे जोड़ने वाली योजनाओं आदि ऐसे कई ऐतिहासिक कार्यों एवं उपलब्धियों को बताते हुए छात्रों ने प्रधानमंत्री मोदी के सपनों की साझेदारी का संकल्प लिया. छात्रों ने कहा कि कोरोना काल का प्रबंधन, नोटबंदी, कोविड-19 टीके का निर्माण, धारा 370 का हटाया जाना आदि जैसे चुनौतीपूर्ण कार्यों को बिना किसी संकल्प और प्रतिबद्धता के नहीं संभव है. हमें अपने प्रधानमंत्री के जैसे ही सपनों को देखने की और उसको पूरा करने की क्षमता विकसित करनी चाहिए. छात्रों ने वैश्विक राजनीति एवं अर्थव्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव, हस्तक्षेप और भूमिका में प्रधानमंत्री के निर्णय एवं नेतृत्वकारी भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया. छात्रों ने श्री मोदी के बहुआयामी व्यक्तित्व पर केंद्रित पुस्तक पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और प्रत्येक क्षेत्र में उनके योगदान को रेखांकित किया और उनके प्रेरक मार्ग पर चलने का भी संकल्प लिया. कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने छात्र-छात्रों द्वारा प्रस्तुत विचारों की सराहना की और कहा कि जीवन में हमें कुछ संकल्प जरूर लेना चाहिए और दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ते हुए हमें उन्हें साकार करना चाहिए. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के व्यक्तित्व और सरोकारों से हमें सीख लेना चाहिए. कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश सोनी ने किया. परिचर्चा सत्र में मुख्य समन्वयक एवं विवि की वरिष्ठ प्रो. जनक दुलारी आही, अकादमिक अफेयर्स के निदेशक प्रो नवीन कानगो, प्रो. यू. के. पाटिल, डॉ. पंकज तिवारी, डॉ आशुतोष, प्रो. वंदना सोनी, छात्र विश्वदीप, कु सोनाली, आयुषी, दीक्षा, आस्था, मयंक, अनुराग, समर्थ, अखंड गौरव सहित सभी छात्र-प्रतिनिधि उपस्थित रहे.









समूह परिचर्चा एवं व्याख्यान


आज़ादी का अमृत महोत्सव
Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya
(A Central University)
SAGAR (M.P.)
MODI @20 DREAMS MEET DELIVERY
Invitation
August 3, 2022
PANEL DISCUSSION AND INVITED LECTURE
ON THE BOOK
MODI@20
DREAMS MEET DELIVERY
SPEAKERS
Prof. Sanjeev Kumar Sharma
Former Vice Chancellor
Mahatma Gandhi Central University
Motihari, Bihar
Prof. Neelima Gupta
Vice Chancellor
Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya
Sagar, MP
Shri Shailendra Jain
Member of Legislative Assembly
Sagar, MP
Col N S Dhakad
Off Group Commander
HQ NCC, Sagar
Dr. R. S. Verma
Dean, Bundelkhand
Medical College, Sagar
Shri Kapil Malaiya
Social Philanthropist & Industrialist
Sagar
Dr. Sanjay Sharma
Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya
Sagar
Prof. Janak Dulari Ahi
Coordinator
Santosh Sohgaura
Registrar (Offg.)


आज़ादी का अमृत महोत्सव
Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya
(A Central University)
SAGAR (M.P.)
MODI @20 DREAMS MEET DELIVERY
Invitation
August 3, 2022
You are cordially invited to attend the
Panel Discussion and Invited Lecture on the Book
Modi@20: Dreams Meet Delivery
Chief Guest
Prof. Sanjeev Kumar Sharma
Former Vice- Chancellor
Mahatma Gandhi Central University, Motihari, Bihar
Eminent Panelists
Shri Shailendra Jain
Member of Legislative Assembly
Sagar, MP
Col N S Dhakad
Off Group Commander
HQ NCC, Sagar
Shri Kapil Malaiya
Social Philanthropist & Industrialist
Sagar
Dr. R. S. Verma
Dean, Bundelkhand
Medical College, Sagar
Dr. Sanjay Sharma
Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya
Sagar
Moderator : Dr. Ashutosh, Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya
Hon'ble Vice Chancellor
Prof. Neelima Gupta
will preside over the function.
Date : 03 August 2022
Time : 11:00 AM
Venue
Swarna Jayanti Sabhagar,
Dr. Harisingh Gour V.V, Sagar
Prof. Janak Dulari Ahi
Coordinator
Santosh Sohgoura
Registrar (Offg.)

| Time | Programme |
|---|---|
| **11.00 AM** | **Arrival of the Dignitaries on the Dias** |
| **11:02 AM** | **Lighting the Lamp/ Floral and Musical Tribute to the Founder and Goddess Saraswati** |
| **11:05 AM** | **Welcoming the Guest/Dignitaries** |
| **11:10 AM** | **Welcome Address and About the Program**<br>***Prof. Janak Dulari Ahi***<br>Coordinator, 'Modi@20: Dreams Meet Delivery' Event |
| **11:20 AM** | **Panel Discussion**<br>• Introduction of the Panelist and Theme of the Discussion<br>**Panelists:** **Moderator: Dr. Ashutosh**<br>• ***Shri Shailendra Jain***, Hon'ble MLA, Sagar<br>• ***Col. N.S. Dhakad***, Off. Group Commander, HQ NCC, Saugor<br>• ***Dr. R.S. Verma***, Dean, Bundelkhand Medical College, Sagar<br>• ***Shri Kapil Malaiya***, Philanthropist and Industrialist, Sagar<br>• ***Dr. Sanjay Sharma***, Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar |
| **12:05 PM** | **Introduction of the Chief Guest**<br>***Prof. Umesh K. Patil***, Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar<br><br>**Invited Lecture by the Chief Guest**<br>***Prof. Sanjeev Kumar Sharma***<br>Former Vice-Chancellor<br>Mahatma Gandhi Central University, Motihari, Bihar<br>**Topic: 20 Years of Political Life of Shri Narendra Modi : Leadership, Administration and Politics** |
| **12:35 PM** | **Presidential Address**<br>***Prof. Neelima Gupta***<br>Hon'ble Vice -Chancellor, Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar |
| **12:50 PM** | • **Prize Distribution**<br>• **Felicitation of the Guests** |
| **13:00 PM** | **Vote of Thanks**<br>***Shri Santosh Sohgaura***<br>Registrar (offg.)<br>Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar |
| **13:05 PM** | **National Anthem** |
| **Session Coordinator- Dr. Ashutosh**<br>Dr Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar | |

## विश्वविद्यालय: ‘मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलिवरी’ पर केंद्रित परिचर्चा एवं व्याख्यान का हुआ आयोजन

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक ‘मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलिवरी’ पर केंद्रित परिचर्चा एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में 03 अगस्त को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया. विवि की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. डॉ हरीसिंह गौर एवं देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ. सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया. कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक एवं विवि की वरिष्ठ आचार्य प्रो जे डी आही ने स्वागत भाषण देते हुए पुस्तक के विभिन्न खण्डों का सार प्रस्तुत किया और इसके महत्त्व को रेखांकित किया.



### अंतर्विरोधों से ऊपर उठकर देश के लिए कार्य करना ही सर्वोच्च प्राथमिकता- प्रो. संजीव शर्मा

व्याख्यान सत्र के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी केन्द्रीय विवि, मोतिहारी (बिहार) के पूर्व कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने अपने उद्बोधन में महाभारत का उल्लेख करते हुए कहा कि शासक ही सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक रूपांतरण का कारक होता है. आज हम जो आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहे है, यह वास्तव में राजनैतिक स्वतंत्रता का उत्सव है. लेकिन हमे अभी नए आयामों में स्वतंत्रता प्राप्त करना है. उन्होंने कहा कि ब्रिटिशों ने सम्पूर्ण संसाधन का दोहन किया. आज़ादी के बाद कई आयामों में हम साधन संपन्न हुए. इसी के साथ उन्होंने कहा कि देश की जनता में आकर्षण पैदा करने वाले प्रधानमंत्री कम ही हुए हैं. प्रधानमंत्री मोदी ऐसे ही आकर्षक व्यक्तित्व हैं जिनके प्रति जनता में आकर्षण के साथ ही उन्हें सम्मान भी हासिल है. एक स्वप्नद्रष्टा और कर्मठ प्रधान शासक को जनता हृदय से स्वीकार करती है. प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तित्व इसी रूप में है. हमें सारे राजनीतिक, सामाजिक अंतर्विरोधों से ऊपर उठकर देश के लिए कार्य करना चाहिए. वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को आत्मसात कर आज का भारत आत्मनिर्भरता और सशक्त भूमिका के साथ प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है. मुख्य अतिथि का परिचय प्रो. यू. के. पाटिल ने प्रस्तुत किया.



## सपनों को सच करने के लिए लगन और प्रतिबद्धता जरूरी- प्रो. नीलिमा गुप्ता




विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि अक्सर सपने देख कर लोग भूल जाते हैं. रात या दिन में देखे गये सपने का यूं ही सच हो जाना और खुद के सपने को सच करके दिखाना, दोनों में बहुत अंतर है. हमें खूब सपने देखने चाहिए और उन्हें कर्मठता और लगन से पूरा करने के लिए मेहनत करनी चाहिए. स्वच्छता अभियान, नमामि गंगे परियोजना, कोरोना आपदा प्रबंधन, आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना, डिजिटल इंडिया, गुड गवर्नेंस, जन धन जैसी जनप्रिय योजनाओं का सूत्रपात और इनका सफल क्रियान्वयन सपनों का ही परिणाम है जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में क्रियान्वित हुईं. उनके सपने और उन सपनों को सच कर दिखाने की यात्रा-संसार को इस पुस्तक में उल्लिखित किया गया है. हमें श्री मोदी जी के संकल्पों से सीख लेकर अपने जीवन में प्रेरणादायी बातें लागू करना चाहिए ताकि हम स्वयं, समाज और देश हित के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर सकें..

## पुस्तक चुनौतियों से सामना करने का हौसला देती है- कपिल मलैया




परिचर्चा सत्र में पुस्तक पर त्वरित टिप्पणी करते हुए सागर शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी कपिल मलैया ने सभी से इस महत्त्वपूर्ण पुस्तक को पढने का आग्रह किया, उन्होंने कहा कि यह पुस्तक जीवन में आने वाली चुनौतियों को पार करने का हौसला तथा सकारात्मकता के साथ जीवन में आगे बढ़ने की सीख देती है. उन्होंने वैश्विक मंच पर भारत की बदलती भूमिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत की जनसँख्या अधिक अवश्य है लेकिन यह हमारे लिए एक शक्ति भी है. इसे एक अवसर के रूप में देखना चाहिए.

## कुशल राजनीतिक नेतृत्व से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है- कर्नल धाकड़



एनसीसी के ग्रुप कमांडर कर्नल एन.एस. धाकड़ ने पुस्तक को सभी के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद नेशन फर्स्ट की अवधारणा को और अधिक मजबूती मिली. उन्होंने भारत की बढ़ती सामरिक सुदृढ़ता और क्षमता पर बोलते हुए कहा कि वर्तमान भारतीय सेना बहुत समर्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर है. पहले हम हथियारों की तकनीक और उपलब्धता के मामले में दूसरे देशों पर काफी निर्भर थे लेकिन अब हथियार एवं तकनीक के मामले में भारत तेज़ी से आत्मनिर्भर बन रहा है. यह एक कुशल राजनीतिक नेतृत्व से ही संभव है.

## कोविड वैक्सीन निर्माण कर भारत ने विश्व पटल पर ख्याति अर्जित की- डॉ. वर्मा




बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ आर एस वर्मा ने कहा कि पुस्तक कठिन परिस्थितियों में उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रेरित करती है. उन्होंने कहा कि सरकारी चिकित्सा व्यवस्था ने कोरोना संकट के समय लोगों की काफी मदद की जिसमें पूरी व्यवस्था ने प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य किया. सरकारी व्यवस्था पर लोगों का विश्वास बढ़ा है. भारत ने सबसे आगे आते हुए वैक्सीन निर्माण और निर्यात का काम किया और विश्व पटल पर भारत ने परचम लहराया है.

## भारतीय ज्ञान परंपरा के बोध से ही आत्मनिर्भर बनेगा भारत- डॉ. संजय शर्मा




शिक्षाशास्त्री डॉ संजय शर्मा ने कहा कि इस पुस्तक के पाठकों को किसी व्यक्ति विशेष से न जोड़कर उसे एक फेनोमेना के रूप में देखना चाहिए. भारतीय नेतृत्व की संकल्पना को इस पुस्तक के माध्यम से पुनः परिभाषित किया गया है. राष्ट्र सरोकारी एवं राष्ट्रीय एकीकरण से जुड़े सवाल पर डॉ शर्मा ने कहा कि भारत की औपनिवेशिक परंपरा पर होने वाली चर्चाओं एवं विमर्शों के माध्यम से ही एकीकरण की भावना को विकसित किया जा सकता है. उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में बदलती भारतीय शिक्षा पद्धति का उद्धरण देते हुए पुस्तक के समग्र दृष्टिकोण को स्पष्ट किया .

## भारत का साभ्यातिक-सांस्कृतिक स्वाभिमान बढ़ा है- प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा



प्रसिद्ध दर्शनशास्त्री प्रो ए डी शर्मा ने पुस्तक को भारत की विजयगाथा का आख्यान बताते हुए कहा कि भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने की संकल्पना इस पुस्तक के माध्यम से की गयी है. पाठक को सिर्फ तथ्यात्मक प्रमाणों से ऊपर आकर निहित अर्थ को समझना चाहिए. पुस्तक को तैयार करने नींव पर दृष्टिपात करना चाहिए तभी सही अर्थों में इसके महत्त्व को समझा जा सकता है. पहली बार देश में आर्थिक निजीकरण और नागरिक सुरक्षा दोनों में संतुलन देखने को मिला है. आज भारत का साभ्यातिक-सांस्कृतिक स्वाभिमान बढ़ा है.




कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा पुस्तक पर केंद्रित बनाए गये पोस्टर की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई. अंत में पुस्तक से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजित प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया. युवक छात्रावास के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सत्यम दीवान ने प्रथम, राहुल ने द्वितीय एवं अभिषेक त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. महिला छात्रावास के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में अनन्या मौर्य ने प्रथम, प्रज्ञा दुबे ने द्वितीय एवं प्रिया और अंकिता मेहरा ने तृतीय स्थान अर्जित किया. पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में अंजलि जैन ने प्रथम, अभिषेक और महेंद्र ने द्वितीय एवं कृष्णा और अतुल ने तृतीय स्थान अर्जित किया. राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

पुस्तक परिचर्चा एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशुतोष ने किया एवं आभार ज्ञापन प्रो अम्बिका दत्त शर्मा ने किया. कार्यक्रम में शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शोधार्थी, अधिकारीगण, कर्मचारी, प्रबुद्ध पत्रकारगण एवं सागर शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.




DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR
(A Central University)
PANEL DISCUSSION & INVITED LECTURE
ON THE BOOK
MODI@20 : DREAMS MEET DELIVERY
August 3, 2022



DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR
(A Central University)
PANEL DISCUSSION & INVITED LECTURE
ON THE BOOK
MODI@20 : DREAMS MEET DELIVERY
August 3, 2022


DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR
(A Central University)
PANEL DISCUSSION & INVITED LECTURE
ON THE BOOK
MODI@20 : DREAMS MEET DELIVERY
August 3, 2022


COVID→19
BEHIND EVERY SUCCESSFUL WOMAN IS A TRIBE OF
OTHER SUCESSFUL WOMAN WHO HAVE HER BACK




DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR
PANEL DISCUSSION & INVITED LECTURE
MODI@20 : DREAMS MEET DELIVERY
August 3, 2022
EXHIBITION
VOCAL FOR LOCAL




# मीडिया कवरेज


# उभरता भारत पर निबंध प्रतियोगिता



**सागर @ पत्रिका.** विश्व गुरु वैश्विक पटल पर उभरता भारत विषय पर निवेदिता कन्या छात्रावास में निबंध प्रतियोगिता हुई। इसमे बड़ी संख्या में बालिकाओं ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. जनक दुलारी आही और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. वंदना सोनी के निर्देशन में किया गया। 31 जुलाई को इसी विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के बालक छात्रावास में होगी। 3 अगस्त को स्वर्ण जयंती सभागार में सम्मानित किया जाएगा।

साथ अटल पार्क पहुंचकर पौधारोपण किया।

## विश्व गुरु वैश्विक पटल पर उभरता भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** विश्व गुरु वैश्विक पटल पर उभरता भारत विषय पर निवेदिता कन्या छात्रावास में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में बालिकाओं ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम की समन्वयक प्रो.जनक दुलारी आही एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन प्रो.वंदना सोनी के निर्देशन में किया गया। कल इसी विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के बालक छात्रावास के विद्यार्थियों के लिए डॉ.राकेश सोनी के सहयोग से किया जायेगा। इन सभी प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाले विद्यार्थियों को 3 अगस्त को स्वर्ण जयंती सभागार में सम्मानित किया जाएगा।



## कन्या छात्रावास में निबंध प्रतियोगिता हुई

सागर. डॉ हरीसिंह गौर विवि में विश्व गुरुरू वैश्विक पटल पर उभरता भारत विषय पर निवेदिता कन्या छात्रावास में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. जनक दुलारी आही एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन प्रो वंदना सोनी के निर्देशन में किया गया. 31 जुलाई को इसी विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के बालक छात्रावास के विद्यार्थियों के लिए डॉ राकेश सोनी के सहयोग से किया जायेगा. भी प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाले विद्यार्थियों को 3 अगस्त को स्वर्ण जयंती सभागार में सम्मानित किया जाएगा.

## 'विश्व गुरु' वैश्विक पटल पर उभरता भारत विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता



आचरण संवाददाता।

**सागर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सक्रिय राजनीति में दो दशक के ऐतिहासिक कार्यकाल के अवसर पर उनके समग्र व्यक्तित्व और कृतित्व' पर केंद्रित पुस्तक 'मोदी@20' ड्रीम्स मीट डिलिवरी के संदर्भ में डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में विभिन्न आयोजन किया जाएंगे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व को जन-जन तक पहुंचाने और उनकी राष्ट्रीय विकास के प्रतिमान को व्यवहार में लाने के लिए 'विश्व गुरु' वैश्विक पटल पर उभरता भारत' विषय पर निवेदिता कन्या छात्रावास में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में बालिकाओं ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम की समन्वयक प्रो जनक दुलारी आही एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन प्रो वंदना सोनी के निर्देशन में किया गया। दिनांक 31 जुलाई को इसी विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के बालक छात्रावास के विद्यार्थियों के लिए डॉ राकेश सोनी के सहयोग से किया जायेगा। इन सभी प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाले विद्यार्थियों को दिनांक 03 अगस्त को स्वर्ण जयंती सभागार में सम्मानित किया जाएगा।


# वैश्विक पटल पर उभरता भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

जागरण, सागर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्रिय राजनीति में दो दशक के ऐतिहासिक कार्यकाल के अवसर पर उनके समग्र व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित पुस्तक मोदी ड्रीम्स मीट डिलिवरी के संदर्भ में डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में विभिन्न आयोजन किया जाएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व को जन-जन तक पहुंचाने और उनकी राष्ट्रीय विकास के प्रतिमान को व्यवहार में लाने के लिए विश्व गुरुरू वैश्विक पटल पर उभरता भारत विषय पर निवेदिता कन्या छात्रावास में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में बालिकाओं ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम की समन्वयक प्रो जनक दुलारी आही एवम् निबंध प्रतियोगिता का आयोजन प्रो.वंदना सोनी के निर्देशन में किया गया। दिनांक 31 जुलाई को इसी विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के बालक छात्रावास के विद्यार्थियों के लिए डॉ राकेश सोनी के सहयोग से किया जायेगा। इन सभी प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाले विद्यार्थियों को 3 अगस्त को स्वर्ण जयंती सभागार में सम्मानित किया जाएगा।

# निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

जागरण, सागर। प्रधानमंत्री के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक मोदी/20 ड्रीम्स मीट डिलिवरी पर केंद्रित आयोजन के निमित्त डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के युवक छात्रावासों के विद्यार्थियों के लिए विश्व गुरु वैश्विक पटल पर उभरता भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय को लेकर प्रतिभागियों में एक सकरात्मक उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागियों में छात्रावास में रहने वाले विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी थे, जिसमें एक दृष्टि बाधित और एक शरीरिक रूप से दिव्यांग छात्रों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक प्रो.जनक दुलारी आही व युवक छात्रावास निबंध प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. राजेश गौतम रहे। निबंध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 3 अगस्त को स्वर्ण जयंती सभागार में प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

एक नजर में



# युवक छात्रावास में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विवि के युवक छात्रावासों के विद्यार्थियों के लिए विश्व गुरु वैश्विक पटल पर उभरता भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मुख्य समन्वयक प्रो जनक दुलारी आही एवं युवक छात्रावास निबंध प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. राजेश गौतम रहे. निबंध प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ राकेश सोनी, डॉ आशुतोष, डॉ शिब शंकर जेना, डॉ. अवधेश कुमार, प्रदीप कुमार, सत्यनारायण सारथी, शरद कुमार का सहयोग रहा.



# युवक छात्रावास में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विवि के युवक छात्रावासों के विद्यार्थियों के लिए विश्व गुरु वैश्विक पटल पर उभरता भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मुख्य समन्वयक प्रो जनक दुलारी आही एवं युवक छात्रावास निबंध प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. राजेश गौतम रहे. निबंध प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ राकेश सोनी, डॉ आशुतोष, डॉ शिब शंकर जेना, डॉ. अवधेश कुमार, प्रदीप कुमार, सत्यनारायण सारथी, शरद कुमार का सहयोग रहा.

# ड्रीम्स मीट डिलिवरी पर केंद्रित चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

सागर, आचरण संवाददाता।

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलिवरी पर केंद्रित आयोजन के निमित्त चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह प्रतियोगिता विवि के आचार्य शंकर भवन में आयोजित की गई. प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. राकेश सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केंद्रित था जिसमें 'मोदी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत', महिला सशक्तिकरण का नया व्याकरण, आत्मनिर्भर भारत, कोविड-महामारी पर विजय, नया भारत यथार्थ में बदलता स्वरुप एवं विश्वगुरु- वैश्विक पटल पर उभरता भारत आदि कई थीम थे जिन पर पर विद्यार्थियों ने चित्रकारी कर अपनी सृजनशीलता दिखाई. इसमें काफी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के नेतृत्व में पिछले कई दिनों से पुस्तक पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसकी मुख्य समन्वयक विवि की वरिष्ठ प्रो जनक दुलारी आही हैं. कार्यक्रम में फाइन आर्ट्स एवं परफार्मिंग आर्ट्स विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ सुप्रभा दास ने निर्णायक की भूमिका निभाई एवं विभाग के शोधार्थियों सुश्री शालू एवं सुश्री यशा की भूमिका सराहनीय रही।

चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को 03 अगस्त को स्वर्ण जयंती सभागार में वृहद् स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

# विद्यार्थियों का संकल्पः प्रधानमंत्री के सपनों की करेंगे साझेदारी

## मोदी 20: ड्रीम्स मीट डिलिवरी पर सामूहिक चर्चा में विद्यार्थियों ने रखे अपने विचार

जागरण न्यूज, सागर




डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालयए सागर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलिवरी पर केंद्रित समूह परिचर्चा में विश्वविद्यालय के छात्र-प्रतिनिधियों ने भागीदारी की और अपने विचार रखे। आधार वक्तव्य देते हुए छात्र-कल्याण अधिष्ठता प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्प और वृहत्तर दायित्व के साथ आज पूरी दुनिया में भारत को महत्त्वपूर्ण स्थान मिल रहा है। गुड गवर्नेंस के साथ-साथ कार्य संस्कृति में बदलाव, सरकार एवं जनता के बीच संवाद, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, आपदा में प्रबंधन सहित ऐसे कई आयाम हैं जहां मोदी के नेतृत्व ने संकल्पबद्धता, प्रतिबद्धता, कर्मठता का अद्भुत मिशाल प्रस्तुत किया है, इसलिए उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों को जानना और समझना जरूरी है। छात्र-प्रतिनिधियों ने कहा कि एक कुशल नेतृत्व बदलाव की प्रेरणा देता है, महिला सशक्तिकरण के फ्रेमवर्क में बदलाव, पारदर्शी सुशासन, जनाकांक्षा की पहचान कर उन्हें उचित साधन एवं सुविधाएं देना जैसे कार्यों में प्रधानमंत्री मोदी की सक्रियता और कार्यशैली से सीखना चाहिए। क्लीन इण्डिया, डिजिटल इण्डिया, पारदर्शी गवर्नेंस, भ्रष्टाचार मुक्त भारत, जनता को सरकार से सीधे जोड़ने वाली योजनाओं आदि ऐसे कई ऐतिहासिक कार्यों एवं उपलब्धियों को बताते हुए छात्रों ने प्रधानमंत्री मोदी के सपनों की साझेदारी का संकल्प लियाण् छात्रों ने कहा कि वैश्विक राजनीति एवं अर्थ व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव, हस्तक्षेप और भूमिका में प्रधानमंत्री के निर्णय एवं नेतृत्वकारी भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश सोनी ने किया। परिचर्चा सत्र में मुख्य समन्वयक एवं विवि की वरिष्ठ प्रो. जनक दुलारी आही, अकादमिक अफेयर्स के निदेशक प्रो. नवीन कानगो. प्रो. यूके पाटिल, डॉ. पंकज तिवारी, डॉ. आशुतोष प्रो. वंदना सोनी, छात्र विश्वदीप, कु. सोनाली, आयुषी, दीक्षा, आस्था, मयंक, अनुराग, समर्थ, अखंड गौरव सहित सभी छात्र-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 'पूरी दुनिया में भारत को महत्वपूर्ण स्थान मिला है'

सागर (नवदुनिया प्रतिनिधि)। डा. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक मोदी20 : ड्रीम्स मीट डिलिवरीज पर केंद्रित समूह परिचर्चा में विश्वविद्यालय के छात्र-प्रतिनिधियों ने भागीदारी की और अपने विचार रखे।


आधार वक्तव्य देते हुए छात्र-कल्याण अधिष्ठाता प्रो अम्बिकादत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्प और वृहत्तर दायित्व के साथ आज पूरी दुनिया में भारत को महत्वपूर्ण स्थान मिल रहा है। छात्र-प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एक कुशल नेतृत्व बदलाव की प्रेरणा देता है। महिला सशक्तिकरण के फ्रेमवर्क में बदलाव, पारदर्शी सुशासन, जनाकांक्षा की पहचान कर उन्हें उचित साधन एवं सुविधाएं देना जैसे कार्यों में प्रधानमंत्री मोदी की सक्रियता और कार्यशैली से सीखना चाहिए। छात्रों ने कहा कि कोरोना काल का प्रबंधन, नोटबंदी, कोविड-19 टीके का निर्माण, धारा 370 का हटाया जाना आदि जैसे चुनौतीपूर्ण कार्यों को बिना किसी संकल्प और प्रतिबद्धता के नहीं संभव है। हमें अपने प्रधानमंत्री के जैसे ही सपनों को देखने की और उसको पूरा करने की क्षमता विकसित करनी चाहिए।कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने छात्र-छात्रों द्वारा प्रस्तुत विचारों की सराहना की और कहा कि जीवन में हमें कुछ संकल्प जरूर लेना चाहिए और दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ते हुए हमें उन्हें साकार करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डा. राकेश सोनी ने किया। परिचर्चा सत्र में मुख्य समन्वयक एवं विवि की वरिष्ठ प्रो. जनक दुलारी आही, अकादमिक अफेयर्स के निदेशक प्रो नवीन कानगो, प्रो.यूके पाटिल, डा. पंकज तिवारी, डॉ आशुतोष, प्रो. वंदना सोनी, छात्र विश्वदीप, कु सोनाली, आयुषी, दीक्षा, आस्था उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान अपने विचार रखती हुई कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता। ● नवदुनिया

**मोदी ड्रीम्स मीट पर केंद्रित परिचर्चा एवं व्याख्यान आजः** डा. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक मोदी ञ 20 ड्रीम्स मीट डिलिवरीज पर केंद्रित परिचर्चा का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में तीन अगस्त को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है।

परिचर्चा सत्र में महात्मा गांधी केन्द्रीय विवि, मोतिहारी (बिहार) के पूर्व कुलपति प्रो. संजीव कुमार शर्मा, विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता, विधायक शैलेन्द्र जैन, एनसीसी के ग्रुप कमांडर कर्नल एनएस धाकड़, बुंदेलखंड मेडिकल कालेज के अधिष्ठाता डा. आरएस वर्मा, शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी कपिल मलैया एवं विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के सहायक प्राध्यापक डा. संजय शर्मा अपना वक्तव्य देंगे। कार्यक्रम में सूत्रधार एवं संचालक डा. आशुतोष रहेंगे।



## पुस्तक पर परिचर्चा का आयोजन

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक मोदी/20ः ड्रीम्स मीट डिलिवरी पर केंद्रित समूह परिचर्चा में विश्वविद्यालय के छात्र.प्रतिनिधियों ने भागीदारी की और विचार रखे. छात्र.कल्याण अधिष्ठाता प्रो अम्बिकादत्त शर्मा ने संबोधित किया. छात्र-प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एक कुशल नेतृत्व बदलाव की प्रेरणा देता है. कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने छात्र.छात्रों द्वारा प्रस्तुत विचारों की सराहना की. संचालन डॉ राकेश सोनी ने किया. परिचर्चा सत्र में मुख्य समन्वयक एवं विवि की वरिष्ठ प्रो. जनक दुलारी आही, अकादमिक अफेयर्स के निदेशक प्रो नवीन कानगो, प्रो यूके पाटिल, डॉ पंकज तिवारी, डॉ आशुतोष, प्रो वंदना सोनी, छात्र विश्वदीप, सोनाली, आयुषी, दीक्षा, आस्था, मयंक, अनुराग, समर्थ, अखंड गौरव आदि उपस्थित रहे.

## विश्वविद्यालय में हुई समूह परिचर्चा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलिवरी पर केंद्रित एक समूह परिचर्चा मंगलवार को विश्वविद्यालय में आयोजित हुई। इसमें छात्र-प्रतिनिधियों ने भागीदारी की और अपने विचार रखे।

कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने छात्र-छात्रों द्वारा प्रस्तुत विचारों की सराहना की और कहा कि जीवन में हमें कुछ संकल्प जरूर लेना चाहिए और दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ते हुए हमें उन्हें साकार करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश सोनी ने किया।

## व्याख्यान आज

सागर, आचरण। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक 'मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलिवरी' पर केंद्रित परिचर्चा एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में 03 अगस्त को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है। वृहद् स्तर पर आयोजित इस परिचर्चा सत्र में महात्मा गांधी केन्द्रीय विवि, मोतिहारी (बिहार) के पूर्व कुलपति प्रो. संजीव कुमार शर्मा, विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता, सागर शहर के लोकप्रिय विधायक शैलेन्द्र जैन, एनसीसी के ग्रुप कमांडर कर्नल एन.एस. धाकड़, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. आर एस वर्मा, सागर शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी श्री कपिल मलैया एवं विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय शर्मा अपना वक्तव्य देंगे. कार्यक्रम में सूत्रधार एवं संचालक डॉ. आशुतोष रहेंगे।

गौरतलब है कि 'मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलिवरी' पुस्तक देश-विदेश में काफी चर्चित हुई है. विवि की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के नेतृत्व और विवि की वरिष्ठ प्रो जनक दुलारी आही के समन्वयन में पिछले कई दिनों से पुस्तक पर केंद्रित विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

# कार्यक्रम : पीएम मोदी पर केंद्रित पुस्तक पर परिचर्चा एवं व्याख्यान का आयोजन

## विवि में वक्ताओं ने किए अपने विचार व्यक्त



जागरण न्यूज, सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक पर केंद्रित परिचर्चा एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में बुधवार को किया गया। विवि की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ. गौर एवं देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक एवं विवि की वरिष्ठ आचार्य प्रो.जेडी आही ने स्वागत भाषण देते हुए पुस्तक के विभिन्न खण्डों का सार प्रस्तुत किया और इसके महत्व को रेखांकित किया। व्याख्यान सत्र के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी केन्द्रीय विवि मोतिहारी बिहार के पूर्व कुलपति प्रो.संजीव शर्मा ने अपने उद्बोधन में महाभारत का उल्लेख करते हुए कहा कि शासक ही सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक रूपांतरण का कारक होता है। आज हम जो आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहे है यह वास्तव में राजनैतिक स्वतंत्रता का उत्सव है। लेकिन हमें अभी नए आयामों में स्वतंत्रता प्राप्त करना है। कुलपति नीलिमा गुप्ता ने कहा कि हमें श्री मोदी के संकल्पों से सीख लेकर अपने जीवन में प्रेरणादायी बातें लागू करना चाहिए ताकि हम स्वयं, समाज और देश हित के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर सकें। एनसीसी के ग्रुप कमांडर कर्नल एनएस धाकड़ ने पुस्तक को सभी के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद नेशन फर्स्ट की अवधारणा को और अधिक मजबूती मिली। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ आर एस वर्मा ने कहा कि पुस्तक कठिन परिस्थितियों में उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रेरित करती है। शिक्षाशास्त्री डॉ संजय शर्मा ने कहा कि इस पुस्तक के पाठकों को किसी व्यक्ति विशेष से न जोड़कर उसे एक फेनोमेना के रूप में देखना चाहिए। प्रसिद्ध दर्शनशास्त्री प्रो एडी शर्मा ने पुस्तक को भारत की विजयगाथा का आख्यान बताते हुए कहा कि भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने की संकल्पना इस पुस्तक के माध्यम से की गयी है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा पुस्तक पर केंदित बनाए गये पोस्टर की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।

विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में परिचर्चा एवं व्याख्यान

# भारत आत्मनिर्भरता और सशक्त भूमिका के साथ प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा देश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलिवरी पर बुधवार को स्वर्ण जयंती सभागार में केंद्रित परिचर्चा एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि महात्मा 'गांधी केन्द्रीय विवि मोतिहारी (बिहार) के पूर्व कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने प्रधानमंत्री के शासनकाल में भारत आत्मनिर्भरता और सशक्त भूमिका के साथ प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा हैं।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी के संकल्पों से सीख लेकर अपने जीवन में प्रेरणादायी बातें लागू करना चाहिए ताकि हम स्वयं, समाज और देश हित के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर सकें। इसके अलावा बीएमसी डीन डॉ. आरएस वर्मा, कपिल मलैया, डॉ. संजय शर्मा, प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा पुस्तक पर केंद्रित बनाए गए पोस्टर की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। अंत में पुस्तक से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजित प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। युवक छात्रावास के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सत्यम दीवान ने प्रथम, महिला छात्रावास के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में अनन्या मौर्य ने प्रथम और पोस्टर प्रतियोगिता में अंजलि जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संचालन डॉ आशुतोष ने किया और आभार प्रो अम्बिका दत्त शर्मा ने माना।

**व्याख्यान**

## पुस्तक मोदी 20 : ड्रीम्स मीट डिलिवरीज पर केंद्रित परिचर्चा का आयोजन विश्वविद्यालय में किया गया

# 'सपनों को सच करने के लिए लगन व प्रतिबद्धता जरूरी'

सागर (नवदुनिया प्रतिनिधि)। डा. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक 'मोदी 20: ड्रीम्स मीट डिलिवरीज' पर केंद्रित परिचर्चा एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन बुधवार को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में किया गया।

विवि की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक एवं विवि की वरिष्ठ आचार्य प्रो. जेडी आही ने स्वागत भाषण देते हुए पुस्तक के विभिन्न खण्डों का सार प्रस्तुत किया और इसके महत्व को रेखांकित किया।



स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि। ● नवदुनिया

व्याख्यान सत्र के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी केन्द्रीय विवि, मोतिहारी (बिहार) के पूर्व कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि शासक ही सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक रूपांतरण का कारक होता है। आज हम जो आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, यह वास्तव में राजनैतिक स्वतंत्रता का उत्सव है, लेकिन हमें अभी नए आयामों में स्वतंत्रता प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि ब्रिटिशों ने सम्पूर्ण संसाधन का दोहन किया। एक स्वप्नद्रष्टा और कर्मठ प्रधान शासक को जनता हृदय से स्वीकार करती है।

कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि अक्सर सपने देख कर लोग भूल जाते हैं। रात या दिन में देखे गए सपने का यूं ही सच हो जाना और खुद के सपने को सच करके दिखाना, दोनों में बहुत अंतर है। हमें खूब सपने देखने चाहिए और उन्हें कर्मठता और लगन से पूरा करने के लिए मेहनत करनी चाहिए।

स्वच्छता अभियान, नमामि गंगे परियोजना, कोरोना आपदा प्रबंधन, आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना, डिजिटल इंडिया, गुड गवर्नेंस, जन धन जैसी जनप्रिय योजनाओं का सूत्रपात और इनका सफल क्रियान्वयन सपनों का ही परिणाम है जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में क्रियान्वित हुई। समाजसेवी कपिल मलैया ने कहा कि यह पुस्तक जीवन में आने वाली चुनौतियों को पार करने का हौसला तथा सकारात्मकता के साथ जीवन में आगे बढ़ने की सीख देती है। उन्होंने वैश्विक मंच पर भारत की बदलती भूमिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत की जनसँख्या अधिक अवश्य है लेकिन यह हमारे लिए एक शक्ति भी है इसे एक अवसर के रूप में देखना चाहिए।

**कुशल राजनीतिक नेतृत्व से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है- कर्नल धाकड़:** एनसीसी के ग्रुप कमांडर कर्नल एनएस धाकड़ ने पुस्तक को सभी के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद नेशन फर्स्ट की अवधारणा को और अधिक मजबूती मिली. उन्होंने भारत की बढ़ती सामरिक सुदृढ़ता और क्षमता पर बोलते हुए कहा कि वर्तमान भारतीय सेना बहुत समर्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर है। बुंदेलखंड मेडिकल कालेज के अधिष्ठाता डा. आरएस वर्मा ने कहा कि पुस्तक कठिन परिस्थितियों में उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रेरित करती है। सरकारी चिकित्सा व्यवस्था ने कोरोना संकट के समय लोगों की काफी मदद की जिसमें पूरी व्यवस्था ने प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य किया। इस दौरान शिक्षा शास्त्री डा. संजय शर्मा, दर्शनशास्त्री प्रो. एडी शर्मा ने भी अपने विचार रखे। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र दिए गए।

---

**आयोजन**

## अंतर्विरोधों से ऊपर उठकर देश के लिए कार्य करना ही सर्वोच्च प्राथमिकता: प्रो. संजीव

# 'मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलिवरी' पर केंद्रित परिचर्चा एवं व्याख्यान संपन्न

सागर, आचरण संवाददाता।

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक 'मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलिवरी' पर केंद्रित परिचर्चा एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में 03 अगस्त को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया. विवि की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. डॉ हरीसिंह गौर एवं देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ. सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।



कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक एवं विवि की वरिष्ठ आचार्य प्रो जेडी आही ने स्वागत भाषण देते हुए पुस्तक के विभिन्न खण्डों का सार प्रस्तुत किया और इसके महत्व को रेखांकित किया। व्याख्यान सत्र के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी केन्द्रीय विवि, मोतिहारी (बिहार) के पूर्व कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने अपने उद्बोधन में महाभारत का उल्लेख करते हुए कहा कि शासक ही सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक रूपांतरण का कारक होता है. आज हम जो आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहे है, यह वास्तव में राजनैतिक स्वतंत्रता का उत्सव है. लेकिन हमे अभी नए आयामों में स्वतंत्रता प्राप्त करना है. उन्होंने कहा कि ब्रिटिशों ने सम्पूर्ण संसाधन का दोहन किया. आज़ादी के बाद कई आयामों में हम साधन संपन्न हुए. इसी के साथ उन्होंने कहा कि देश की जनता में आकर्षण पैदा करने वाले प्रधानमंत्री कम ही हुए है।

**सपनों को सच करने के लिए लगन और प्रतिबद्धता जरूरी: प्रो. नीलिमा गुप्ता**

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि अक्सर सपने देख कर लोग भूल जाते हैं. रात या दिन में देखे गये सपने का यूं ही सच हो जाना और खुद के सपने को सच करके दिखाना, दोनों में बहुत अंतर है. हमें खूब सपने देखने चाहिए और उन्हें कर्मठता और लगन से पूरा करने के लिए मेहनत करनी चाहिए. स्वच्छता अभियान, नमामि गंगे परियोजना, कोरोना आपदा प्रबंधन, आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना, डिजिटल इंडिया, गुड गवर्नेंस, जन धन जैसी जनप्रिय योजनाओं का सूत्रपात और इनका सफल क्रियान्वयन सपनों का ही परिणाम है जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में क्रियान्वित हुई।

**पुस्तक चुनौतियों से सामना करने का हौसला देती है: कपिल मलैया**

परिचर्चा सत्र में पुस्तक पर त्वरित टिप्पणी करते हुए सागर शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी कपिल मलैया ने सभी से इस महत्वपूर्ण पुस्तक को पढ़ने का आग्रह किया, उन्होंने कहा कि यह पुस्तक जीवन में आने वाली चुनौतियों को पार करने का हौसला तथा सकारात्मकता के साथ जीवन में आगे बढ़ने की सीख देती है. उन्होंने वैश्विक मंच पर भारत की बदलती भूमिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत की जनसँख्या अधिक अवश्य है लेकिन यह हमारे लिए एक शक्ति भी है. इसे एक अवसर के रूप में देखना चाहिए।

**कुशल राजनीतिक नेतृत्व से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है: कर्नल धाकड़**

एनसीसी के ग्रुप कमांडर कर्नल एन.एस. धाकड़ ने पुस्तक को सभी के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद नेशन फर्स्ट की अवधारणा को और अधिक मजबूती मिली. उन्होंने भारत की बढ़ती सामरिक सुदृढ़ता और क्षमता पर बोलते हुए कहा कि वर्तमान भारतीय सेना बहुत समर्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर है. पहले हम हथियारों की तकनीक और उपलब्धता के मामले में दूसरे देशों पर काफी निर्भर थे लेकिन अब हथियार एवं तकनीक के मामले में भारत तेज़ी से आत्मनिर्भर बन रहा है. यह एक कुशल राजनीतिक नेतृत्व से ही संभव है.

**कोविड वैक्सीन निर्माण कर भारत ने विश्व पटल पर ख्याति अर्जित की: डॉ. वर्मा**

बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ आर एस वर्मा ने कहा कि पुस्तक कठिन परिस्थितियों में उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रेरित करती है. उन्होंने कहा कि सरकारी चिकित्सा व्यवस्था ने कोरोना संकट के समय लोगों की काफी मदद की जिसमें पूरी व्यवस्था ने प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य किया. सरकारी व्यवस्था पर लोगों का विश्वास बढ़ा है. भारत ने सबसे आगे आते हुए वैक्सीन निर्माण और निर्यात का काम किया और विश्व पटल पर भारत ने परचम लहराया है।

**भारतीय ज्ञान परंपरा के बोध से ही आत्मनिर्भर बनेगा भारत: डॉ. संजय शर्मा**

शिक्षाशास्त्री डॉ संजय शर्मा ने कहा कि इस पुस्तक के पाठकों को किसी व्यक्ति विशेष से न जोड़कर उसे एक फेनोमेना के रूप में देखना चाहिए. भारतीय नेतृत्व की संकल्पना को इस पुस्तक के माध्यम से पुनः परिभाषित किया गया है. राष्ट्र सरोकारी एवं राष्ट्रीय एकीकरण से जुड़े सवाल पर डॉ शर्मा ने कहा कि भारत को औपनिवेशिक परंपरा पर होने वाली चर्चाओं एवं विमर्शों के माध्यम से ही एकीकरण की भावना को विकसित किया जा सकता है।

**भारत का साभ्यातिक-सांस्कृतिक स्वाभिमान बढ़ा है: प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा**

प्रसिद्ध दर्शनशास्त्री प्रो ए डी शर्मा ने पुस्तक को भारत की विजयगाथा का आख्यान बताते हुए कहा कि भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने की संकल्पना इस पुस्तक के माध्यम से की गयी है. पाठक को सिर्फ तथ्यात्मक प्रमाणों से ऊपर आकर निहित अर्थ को समझना चाहिए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा पुस्तक पर केंद्रित बनाए गये पोस्टर की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई. अंत में पुस्तक से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजित प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

युवक छात्रावास के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सत्यम दीवान ने प्रथम, राहुल ने द्वितीय एवं अभिषेक त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. महिला छात्रावास के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में अनन्या मौर्य ने प्रथम, प्रज्ञा दुबे ने द्वितीय एवं प्रिया और अंकिता मेहरा ने तृतीय स्थान अर्जित किया. पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में अंजलि जैन ने प्रथम, अभिषेक और महेंद्र ने द्वितीय, एवं कृष्णा और अतुल ने तृतीय स्थान अर्जित किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम का मॉडरेशन एवं संचालन डॉ आशुतोष ने किया एवं आभार ज्ञापन प्रो अम्बिका दत्त शर्मा ने किया. कार्यक्रम में शिक्षक प्रो नवीन कानगो, डॉ राकेश सोनी, प्रो वन्दना सोनी, प्रो चंदा बेन, प्रो अशोक अहिरवार, प्रो आशीष वर्मा, प्रो ए पी मिश्रा, प्रो सुबोध जैन, डॉ. भागवत, डॉ. पंकज तिवारी, डॉ राजेन्द्र यादव, डॉ हिमांशु, डॉ वीरेंद्र मत्सानिया सहित कई शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शोधार्थी, अधिकारीगण, कर्मचारी, प्रबुद्ध पत्रकारगण एवं सागर शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# हमें खूब सपने देखने चाहिए और उन्हें पूरा करने मेहनत करनी चाहिए : गुप्ता

भास्कर संवाददाता | सागर

डॉ . हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक 'मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलिवरी' पर केंद्रित परिचर्चा एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की। मुख्य अतिथि प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि शासक ही सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक रूपांतरण का कारक होता है। आज हम जो आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहे है यह वास्तव में राजनैतिक स्वतंत्रतां का उत्सव है लेकिन हमे अभी नए आयामों में स्वतंत्रता प्राप्त करना है। प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि अक्सर सपने देख कर लोग भूल जाते हैं। रात या दिन में देखे गए सपने का यूं ही सच हो जाना और खुद के सपने को सच करके दिखाना, दोनों में बहुत अंतर है। हमें खूब सपने देखने चाहिए और उन्हें कर्मठता और लगन से पूरा करने के लिए मेहनत करनी चाहिए। समाजसेवी कपिल मलैया ने कहा कि यह पुस्तक जीवन में आने वाली चुनौतियों को पार करने का हौसला एवं सकारात्मकता के साथ जीवन में आगे बढ़ने की सीख देती है। एनसीसी के ग्रुप कमांडर कर्नल एनएस धाकड़ ने पुस्तक को सभी के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद नेशन फर्स्ट की अवधारणा को और अधिक मजबूती मिली। डॉ.आरएस वर्मा ने कहा कि पुस्तक कठिन परिस्थितियों में उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रेरित करती है।

# सपने पूरा करने मेहनत करना चाहिए : कुलपति गुप्ता



**नवभारत न्यूज**

**सागर 3 अगस्त. डॉ. हरीसिंह गौर विवि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक मोदी/20: ड्रीम्स मीट डिलिवरी पर केंद्रित परिचर्चा एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया.**

कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. व्याख्यान सत्र के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी केन्द्रीय विवि मोतिहारी बिहार के पूर्व कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि शासक ही सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक रूपांतरण का कारक होता है. आज हम जो आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है, यह वास्तव में राजनैतिक स्वतंत्रता का उत्सव है. लेकिन हमे अभी नए आयामों में स्वतंत्रता प्राप्त करना है. कुलपति प्रो. गुप्ता ने कहा कि अक्सर सपने देख कर लोग भूल जाते हैं. रात या दिन में देखे गये सपने का यूं ही सच हो ज़ाना और खुद के सपने को सच करके दिखाना, दोनों में बहुत अंतर है. हमें खूब सपने देखने चाहिए और उन्हें कर्मठता और लगन से पूरा करने के लिए मेहनत करनी चाहिए. संचालन डॉ आशुतोष ने किया एवं आभार ज्ञापन प्रो. अम्बिका दत्त शर्मा ने किया. कार्यक्रम में प्रो नवीन कानगो, डॉ राकेश सोनी, प्रो वंदना सोनी, प्रो चंदा बेन, प्रो अशोक अहिरवार, प्रो आशीष वर्मा आदि मौजूद रहे.

# आयोजन समिति

## संरक्षक

**प्रो. नीलिमा गुप्ता**

कुलपति, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर

## समन्वयक

**प्रो. जनक दुलारी आही**

वरिष्ठ आचार्य एवं प्रोफ़ेसर प्राणी शास्त्र विभाग

## सदस्य

**प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा**

अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

**प्रो. नवीन कानगो**

निदेशक, अकादमिक मामले

**प्रो. राजेश गौतम**

चेयरमैन, काउंसिल ऑफ़ वार्डन

**प्रो. वंदना सोनी**

मुख्य प्रतिपालिका, बालिका छात्रावास

**प्रो. उमेश कु. पाटिल**

प्रोफेसर एवं पुस्तकालयाध्यक्ष

**डॉ. पंकज तिवारी**

निदेशक, ईएमएमआरसी

**डॉ. राकेश सोनी**

समन्वयक, सांस्कृतिक गतिविधियाँ

**डॉ. अनुराग श्रीवास्तव**

सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष


**संकलन, चयन एवं संपादन**

कार्यालय, मीडिया अधिकारी

**डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)**

Email- mediaofficer@dhsasu.edu.in Website- www.dhsasu.edu.in

SagarUniversity DoctorGour Doctor Harisingh Gour Vishwavidyalaya,Sagar